मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 11 | अंक -26 | मुंबई, सोमवार, दिनांक १८ मार्च से २४ मार्च 2024 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

## प्रिय पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं...




जैसे ही हम गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर के करीब आ रहे हैं, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारे साप्ताहिक अखबार का एक विशेषांक प्रकाशित करने जा रहे हैं। हम इस खुशी के त्योहार को मनाने के लिए समर्पित एक विशेष अंक प्रकाशित करेंगें।

गुड़ी पड़वा पारंपरिक हिंदू नव वर्ष की शुरूआत का प्रतीक है और पूरे महाराष्ट्र और भारत के अन्य क्षेत्रों में इसका अत्यधिक सांस्कृतिक महत्व है। इस अवसर को मनाने के लिए, हम आपको गुड़ी पड़वा की भावना और मूल्यों से मेल खाने वाले विज्ञापन देकर हमारे विशेष अंक में योगदान करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

हमारे प्रकाशन में ज्ञानवर्धक लेख, जीवंत चित्र और आकर्षक सामग्री शामिल होगी जो गुड़ी पड़वा से जुड़ी सांस्कृतिक विरासत, रीति-रिवाजों और परंपराओं पर प्रकाश डालती है। इस विशेष संस्करण में भाग लेने से, आपके ब्रांड को उन पाठकों के व्यापक समूह तक पहुंचने का अवसर मिलेगा जो इस त्योहारी सीजन को मनाने के लिए उत्साहित हैं।

हम पारंपरिक पोशाक, उत्सव की सजावट, घरेलू उपकरणों, उपहार वस्तुओं और किसी भी उत्पाद या सेवाओं से संबंधित विज्ञापनों का स्वागत करते हैं जो समृद्धि, खुशी और नई शुरूआत के विषयों से मेल खाते हैं। हमारे विशेष गुड़ी पड़वा अंक में विज्ञापन देकर, आप न केवल अपने ब्रांड को हमारे वफादार पाठकों के सामने प्रदर्शित करेंगे बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अपनाने और उसका जश्न मनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित करेंगे।

हम हमारे आगामी अंक में आपकी उत्साही भागीदारी और आपके ब्रांड को प्रदर्शित करने के अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए या विज्ञापन विकल्पों पर चर्चा करने के लिए कृपया बेझिझक हमसे संपर्क करें। प्रिय पाठकों हमारा मानना है कि यह विशेष अंक विज्ञापन के माध्यम से सहयोग इस क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देगा। प्रिय पाठकों पर कलम सेंटीमीटर के हिसाब से विज्ञापन की दरों को आप लोगों के साथ साझा किया गया है। हम आपको विशेष अंक के प्रकाशन के बारे में प्रचार-प्रसार करने में हमारे साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं। आपका निरंतर समर्थन हमारे लिए अमूल्य है क्योंकि हम आप सभी के सहयोग से प्रिंट मीडिया के उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं।

धन्यवाद !

**सादर**

**छोटेलाल शर्मा - 9819862172** **अनिल शर्मा - 9833329721**
**नेहा सिंह - 9324798242** **स्पर्श देसाई - 9321429375**

### ADVERTISEMENT RATE

| | |
|---|---|
| Back Page Cover | Rs. 18,000/- |
| Inner Cover (1+2) | Rs. 12,000/- |
| Inner page Full | Rs. 10,000/- |
| Inner page Half | Rs. 7,000/- |
| Inner Page Quarter | Rs. 5,000/- |
| Front Page Down Strip | Rs. 5,000/- |
| Classifide | Rs.1000/ |
| Card Size | Rs. 1000/- |

# आदर्श आचार संहिता से हटेगी अवैध होर्डिंग बैनर पोस्टर

मुंबई। अवैध होर्डिंग और बैनर पोस्टर से हाई कोर्ट की फटकार के बावजूद मुंबई पटी पड़ी रहती थी। शनिवार को केंद्रीय चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखे घोषित कर दी। चुनाव की घोषणा होते ही पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता लगने के कारण अब शहर में लगे राजनीतिक बैनर पोस्टर हटना जरूरी हो गया है।



मनपा को अब अगले दो दिन में मुम्बई में लगे राजनीतिक बैनर पोस्टर हटाना जरूरी है। राजनीतिक पार्टियां भी अब अवैध रूप से बैनर पोस्टर नही लगा पाएगी जिससे मुंबई अगले दो महीने तक बिना अवैध पोस्टर के दिखेगी जिससे मुंबई का विद्रूपीकरण दूर होगा और मुंबई खुली सांस लेगी।

उल्लेखनीय है कि चुनावी आचार संहिता के लग जाने के कारण अपने नेताओ को चमके गिरी करने के लिए लगने वाली अवैध होर्डिंग और बैनर पोस्टर नदारद रहेंगे। अवैध होर्डिंग और बैनर पोस्टर पर कार्रवाई करने के लिए अभी हाल के दिनो मे भी हाई कोर्ट ने मनपा को खरी खोटी सुनाई थी। राजनीतिक पार्टियों को भी कोर्ट ने फटकार लगाई थी।लेकिन राजनेता है कि मानते नही।शनिवार को भी मुंबई पूरी तरह अवैध होर्डिंग और बैनर पोस्टर से पटी हुई थी जिसका मुख्य कारण था कोंग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा मुंबई जो पहुची है। जिसके चलते बड़े पैमाने पर अवैध होर्डिंग और बैनर पोस्टर लगे हुए है।

आर्दश आचार संहिता के नियमो नुसार अगले दो दिन में मुंबई को अवैध होर्डिंग बैनर पोस्टर से मुक्त करने की जिम्मेदारी मनपा पर आ गई है। मुंबई से अवैध होर्डिंग और बैनर पोस्टर के हट जाने से मुंबई कोर्ट के आदर्शो के बावजूद खुली सांस नही ले पा रही थी आदर्श आचार संहिता से मुंबई को बड़ा फायदा मिलेगा। अवैध होर्डिंग और बैनर पोस्टर अगले दो महीने नही दिखाई देंगे जिससे मुंबाई खुल कर सांस ले सकेगी और मुंबई शहर को विद्रूप करने वाले अवैध होर्डिंग बैनर पोस्टर शहर से नदारद रहेंगे।

# सैन नवयुवक मण्डल भाइंडर द्वारा आयोजित होली समारोह बड़े धूम धाम से संपन्न हुआ

**मुंबई,** सैन नवयुवक मंडल भाईंदर द्वारा आयोजित होली (फागउत्सव 2024) बड़ी






धूमधाम से बनाया गया युवा टीम जोरशोर से हिस्सा लिया मै महेश कालोया पुरी युवा को टीम धन्यवाद देता हु समाज के सदस्य ने सहयोग दिया उनको भी धन्यवाद।

युवा टीम के सदस्य ,लालचंद जी वर्मा ,महेश के कालोया,मनोज वर्मा ,अशोक वर्मा ,विनोद कालोया,दीपक वर्मा ,दीपक ल वर्मा ,दिनेश,खुरदरा ,रवि खुरदरा,पवन सैन,बजरंग जी,भटु शिधा,मुकेश सैन ,विकास सैन,सुशील जाडीवाल,भावेश जाडीवाल, अजय जी भाटी, विजयकुमार, ने कड़ी मेहनत से कार्यक्रम को सफल बनाया जेपी जी के संगीत टीम ने राजस्थानी होली गीत से सभी का मन मोह लिया इस रंगारंग कार्यक्रम से सभी लोगो ने होली गीत का आनंद लिया इसके बाद लोगो ने ठंडई पीकर उसका आनंद लिए अनिल शर्मा राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राष्ट्रीय नाई महासभा प्रबंध संपादक कदम कदम पर , हरिशंकर शर्मा उप संपादक ने कार्यक्रम में पहुँचकर कार्यक्रम का शोभा बढ़ाई।

## मनपा धारावी में अवैध निर्माण पर की कार्रवाई...!



**मुंबई :** धारावी पुनर्विकास में अब गति आना शुरू हो गया है।धारावी प्राधिकरण की ओर से घरों का सर्वे सोमवार से शुरू होगा। वही मनपा की ओर से अवैध निर्माण पर कार्रवाई भी तेज हो गई है। धारावी चमड़ा बाजार में हुए अवैध निर्माण को मनपा ने जी नार्थ वार्ड ने कार्रवाई करते हुए जमीदोस्त कर दिया। बता दे कि धारावी विकास को लेकर राज्य सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी है। धारावी प्राधिकरण के तहत धारावी का विकास अडानी समूह के मार्फत किया जाना है। धारावी का विकास पटरी पर आते देख परिसर में अवैध निर्माण की बाढ़ सी आ गई है।मनपा अवैध निर्माण पर अपनी पैनी नजर जमाए हुए है।



केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल को भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उतर मुंबई से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है।उन्होंने अपनी जीत पक्की करने के लिए श्रीसिद्धिविनायक का दर्शन लिया।मंदिर ट्रस्ट के सर्वश्री राजाराम देशमुख ने उन्हें शाल और श्रीसिद्धिविनायक बाप्पा की आकर्षक मूर्ति देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर मुंबई शहर पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढा मुंबई भाजपा अध्यक्ष विधायक आशीष शेलार ने भी श्रीसिद्धिविनायक बाप्पा का दर्शन लिया। (फोटोःकपिलदेव खरवार)



चेम्बूर घाटला के पूर्व नगर सेवक व पूर्व बेस्ट समिति अध्यक्ष अनिल पाटणकर के प्रयास से लक्ष्मीनारायण सोसायटी में पक्का मंच बांधने के काम का भूमिपूजन शुभ नारियल तोड़कर सम्पन्न हुआ।इस मौके पर समाज सेविका चेम्बूर नागरिक सहकारी बैंक संचालक मिनाक्षी पाटणकर चेम्बूर विधानसभा महिला संगठक अनिता महाडिक चेम्बूर विधानसभा समन्वयक संदीप गुरव शाखा प्रमुख उमेश करकेरा डी जी शाखा समन्वयक अनिल पटेल शिवसेना(उद्धव)शाखा १५३ के तमाम पुरुष और महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे। (फोटोःकपिलदेव खरवार)



# संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

## एक देश... एक चुनाव

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्चस्तरीय समिति, जिसकी स्थापना सरकार के तीनों स्तरों पर एक साथ चुनाव की संभावनाओं का अध्ययन करने के लिए की गई थी, उसने सर्वसम्मति से इस विचार का समर्थन किया है और गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजी गई रिपोर्ट में इसकी अनुशंसा की है। केंद्र और राज्य स्तरों पर सरकार बनाने के लिए चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं और एक साथ चुनाव कराने का विचार भी नया नहीं है।

आजादी के बाद शुरूआती वर्षों में लोक सभा और राज्यों की विधान सभाओं के चुनाव एक साथ होते थे। यानी मूल विचार यह है कि संविधान में संशोधन के जरिये एक साथ चुनाव की व्यवस्था बन सके और इसे चुनाव प्रक्रिया का स्थायी गुण बनाया जा सके। एक साथ चुनाव कराने की बात सैद्धांतिक तौर पर समझदारी भरी लगती है और इसकी कई वजह हैं। उदाहरण के लिए चुनावी लोकतंत्र की प्रतिस्पर्धी प्रकृति को देखते हुए निरंतर चुनाव नीतिगत बहस को प्रभावित करते हैं क्योंकि चुनावों को ध्यान में रखते हुए राज्यों तथा केंद्र में राजनीतिक दल अपने आचरण में बदलाव करते हैं।

अगर एक साथ चुनाव होंगे तो सत्ताधारी दल तथा विपक्षी दल दोनों नीतिगत मामलों पर अगले आम चुनाव होने तक ठोस तरीके से काम करेंगे। इससे अनिश्चितता कम होगी और वृद्धि को गति प्रदान करने में मदद मिलेगी। पैनल ने जो तकनीकी काम प्रस्तुत किया है वह दिखाता है कि वृद्धि, मुद्रास्फीति, निवेश और सार्वजनिक व्यय के संदर्भ में एक साथ चुनाव कराने से लाभ होगा। अलग-अलग समय पर चुनाव कराने की प्रत्यक्ष राजकोषीय कीमत बहुत अधिक नहीं है लेकिन इससे उत्पन्न नीतिगत अस्थिरता शासन को प्रभावित करती है। यह विचार बेहतर है लेकिन असली चुनौती है एक ऐसी प्रणाली तैयार करना जहां एक साथ चुनाव कराए जा सकें। ऐसा इसलिए कि लोक सभा या राज्यों की विधान सभाओं के चुनाव कई बार भिन्न-भिन्न वजहों से अलग-अलग समय पर हो सकते हैं। पैनल ने इस संदर्भ में यह अनुशंसा की है कि सबसे पहले राज्यों की विधान सभाओं और लोक सभा के चुनावों को सुसंगत बनाया जाना चाहिए। स्थानीय निकायों के चुनाव पहले चरण के 100 दिन के भीतर कराये जा सकते हैं। ऐसा करने के लिए समिति ने कहा है कि आम चुनाव के बाद लोक सभा की पहली बैठक एक नियत तिथि को होनी चाहिए। सभी राज्यों की विधान सभाओं कार्यकाल, इस नियत तिथि के बाद और लोक सभा के पूर्ण कार्यकाल की समाप्ति के पहले गठित सभी राज्य विधान सभाओं का कार्यकाल केवल लोक सभा के लिए अगले आम चुनाव की अवधि तक होगा।

त्रिशंकु सदन या ऐसी किसी भी स्थिति में लोक सभा का अगला चुनाव केवल पिछले सदन के शेष कार्यकाल के लिए होगा। राज्यों की विधान सभाओं के नए चुनावों के मामले में नई विधान सभा केवल तब तक काम करेगी जब तक कि लोक सभा का कार्यकाल समाप्त नहीं हो जाता। सुझाई गई व्यवस्था और इसके लिए संवैधानिक प्रावधान जहां इसकी सुसंगतता सुनिश्चित करेंगे, वहीं इससे दूसरी दिक्कतें आरंभ हो जाएंगी। उदाहरण के लिए अगर सरकार लोक सभा का कार्यकाल समाप्त होने के करीब एक साल पहले विश्वास मत हार जाती है, तो विपक्ष अविश्वास मत लाना ही नहीं चाहेगा।

ऐसी स्थिति में सरकार बनी रहेगी लेकिन वह जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व नहीं करेगी। यह लोकतंत्र के हित में नहीं होगा। ऐसे में यह बात अहम है कि अनुशंसाओं को केवल व्यापक राजनीतिक सहमति के साथ ही आगे बढ़ाया जाए। यह अहम है क्योंकि अधिकांश राष्ट्रीय दल इस विचार के पक्ष में नहीं हैं। एक साथ चुनाव कराने की कीमत अगर लोकतांत्रिक मूल्यों के रूप में चुकानी पड़े तो ऐसा करना श्रेयस्कर नहीं होगा।

# दीन दुखियों की सेवा के




**भिलाई।** महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ उड़ान नई दिशा संस्था ने प्रदेश की 36 सक्रिय समाजसेवी महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर शक्ति सिद्ध सोशल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष समाज सेवी पूजा शर्मा को भी इस गौरवपूर्ण अवार्ड से सम्मानित किया गया।

दुर्ग सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल ने एक गरिमामय कार्यक्रम में यह पुरस्कार प्रदान किया। पूजा पिछले दस वर्षों से छत्तीसगढ़ में समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। गरीब, पिछडी और कुष्ठ बस्तियों में उन्होंने काफी सेवाएं दी है। इसी के फलस्वरूप पूजा शर्मा को यह सम्मान हासिल हुआ है।

अवार्ड मिलने से अभिभूत पूजा शर्मा ने कहा कि यह सम्मान पाकर अभिभूत हूँ। उन्हें उनकी सेवाओं का प्रतिफल मिला है। हर समाजसेवी जो दीन दुखियों की सेवा में लग्न है उन्हें यह सम्मान मिलना चाहिए।



आज श्री जय किशन ठाकुर जो पिछले 5 सालों से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और ओबीसी कमिशन में पूर्वी दिल्ली के कोऑर्डिनेटर थे और बहुत सारी सामाजिक संस्थाओं के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे की चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासंघ और में मार्केट शकरपुर व्यापार मंडल के प्रधान पिछले 30 सालों से राजनीति और समाज सेवा में एक नाम रहा पैसे से पत्रकार चार कदम समाचार पत्र के संपादक जयकिशन ठाकुर जी ने आज अपने सैकड़ो साथियों के साथ मोदी जी के भारत के विजन को देखते हुए आज भारतीय जनता पार्टी परिवार में शामिल होने का निर्णय लिया उनको भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता विधायक और दिल्ली सरकार में विपक्ष के नेता श्री रामवीर सिंह विधूड़ी जी पूर्व मेयर और अनुराग ठाकुर जी दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा जी हर्ष मल्होत्रा जी तमाम साथियों ने उन्हें पार्टी का पका पहनकर और गुलदस्ता लेकर ज्वाइन करवाया सैकड़ो साथियों ने जोरदार नारे लगाकर जैकी सिंह ठाकुर का स्वागत किया और भाजपा व नरेंद्र मोदी के तारों से भाजपा का प्रदेश कार्यालय गूंज उठा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का जो निर्णय मोदी जी ने लिया है उसे पूरा करने के लिए जयकिशन ठाकुर और उसके सैकड़ो साथी उनके विजन में कम से कदम मिलाकर साथ देंगे

# बार एसोसिएशन प्रत्याशी एड. संदीप शर्मा को अधिवक्ताओं गण का मिल रहा हैं अपार समर्थन

**प्रयागराज,** गवर्निंग काउंसिल हाईकोर्ट बार एसोसिएशन प्रत्याशी संदीप शर्मा को अधिवक्ता गण का अपारसमर्थन से अपना नामांकन करा कर लगातार हाईकोर्ट के परिसर में सभी अधिवक्ता गण के संपर्क में बने हुए हैं।



इस बार मिल रहा सभी अधिवक्ताओं के सहयोग से लग रहा है संदीप शर्मा प्रचंड वोट से विजयहासिल कर सभी अधिवक्ता गण के विश्वास पे खरा उतरेंगे। संदीप शर्मा के सरल स्वभाव व कर्मठता को देखते हुए तमाम लोगो का सहयोग मिल रहा है महाराष्ट्र मुंबई से अनिल शर्मा सहित तमाम लोगो ने प्रचंड वोट से विजय प्राप्त करने की दी शुभकामनाएँ।

# सामाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा का प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त हुए एड.राजेश शर्मा

**प्रयागराज,** लोक सभा चुनावी सरगर्मी को देखते हुये समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा.श्री अखिलेश यादव जी ने राजनीति में युवायों को उचित स्थान दे रही हैं।

प्रयागराज के युवा क्रान्तिकारी पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजनीति में अपनी एक अलग छबी बनाने वाले एडवोकेट राजेश शर्मा को समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव मनोनीत किया



गया! एड.राजेश शर्मा को प्रदेश सचिव मनोतिनी किए जाने पर पूरे प्रदेश के युवाओं में खुशी की लहर छा गई !

महाराष्ट्र मुंबई से अनिल शर्मा ने भी फोन करके राजेश शर्मा को उज्जवल भविष्य की कामना की! प्रयागराज हाई कोर्ट के सभी अधिवक्ता गण ने राजेश शर्मा मिठाई खिलाकर खुशी बाटी!

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
**शंकर शर्मा (शिवा)**
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# अध्यापक दिनेश शर्मा का मुंबई आगमन पर भव्य सत्कार



**मुंबई,** दिनेश शर्मा अध्यापक का मुंबई आगमन पर अनिल शर्मा ने किया भव्य सत्कार साथ में उपस्थित हरिशंकर शर्मा उप संपादक, प्रदीप शर्मा युवा समाज सेवक, चंद्रभूषण शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष नई उम्मीद फाउंडेशन , मनोज शर्मा पत्रकार, मनोज शर्मा भांडुप, अनिल शर्मा संताक्रुज, संतोष शर्मा , रवींद्र शर्मा दीप, आदि लोग उपस्थित थे! हरिकेश शर्मा ने आने वाले सभी मेहमानों का किए स्वागत!

# पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका -डॉ होरेश कुमार

**चुनार।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय महाविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय दिवस के अंतर्गत सर्वप्रथम प्रातः स्वयं सेवकों द्वारा योग, प्रायणाम तथा व्यायाम किया गया। सूक्ष्म जलपान के तत्पश्चात सामुदायिक कार्यों में स्वच्छता पर खैरुद्दीनपुर में शैक्षिक सर्वेक्षण, महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई एवम् पौधो में पानी डाला गया। टोली नंबर तीन लक्ष्मीबाई ने भोजन बनाने एवम वितरण का कार्य किया। अपराह्न पर्यावरण संरक्षण एवम् स्वच्छता का सामुदायिक जीवन में महत्व विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टोली नंबर तीन द्वितीय स्थान, टोली नंबर छह तृतीय स्थान टोली नंबर चार , सांत्वना पुरस्कार टोली नंबर एक ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन



प्रो. होरेश कुमार, प्रो. ए. एल. सरोज एवम डॉ लता ने किया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डॉ होरेश कुमार, प्रो. भौतिक विज्ञान, बी. एच. यू. ने पर्यावरण संरक्षण एवम् स्वच्छता में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका के महत्व एवम स्वयं सेवकों को प्रभावी भूमिका निर्वहन हेतु प्रेरित किया तथा मुख्य वक्ता डॉ ए. एल. सरोज, बी. एच. यू. ने स्वयं सेवकों को अपने उद्देश्यों में सफल दैनिक जीवन में अनुशासन, स्वच्छता, ज्ञान एवम सकारात्मकता के महत्व को बताया। सहयोग के लिए स्वयं सेवकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ कुसुमलता तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ लता ने किया।

# सड़क कार्यों के लिए तीसरी बार टेंडर... शहर में सड़कों की मरम्मत अब मानसून के बाद ही, 1 साल से काम विवादों में है

**मुंबई:** शहर में सड़क का काम मॉनसून से पहले शुरू नहीं हो पाएगा. नगर निगम प्रशासन ने अब इन कार्यों के लिए तीसरी बार टेंडर आमंत्रित किए हैं। करीब 1362 करोड़ रुपये के काम के लिए टेंडर आमंत्रित किये गये हैं. टेंडर प्रक्रिया लागू होने के बाद वास्तव में काम शुरू होने में समय लगेगा। इसलिए मानसून से पहले इन कामों के शुरू होने की संभावना कम है. मुंबई में शहरी सड़कों का सीमेंट कंक्रीटिंग कार्य पिछले साल से विवादों में है। इसके बाद इन रुके हुए कामों के लिए दोबारा निकाले गए टेंडर का मामला कोर्ट तक पहुंच गया. इसके चलते नगर क्षेत्र में सड़क का काम नहीं हो सका। साथ ही रुके हुए कार्यों के लिए नई टेंडर प्रक्रिया भी अमल में नहीं लाई जा सकी है। नगर पालिका के सड़क विभाग द्वारा एक फरवरी को शहर में सड़क कार्यों के लिए बुलाई गई निविदाओं का जवाब नहीं मिलने के कारण एक बार फिर निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इस कार्य के लिए निविदाएं 5 अप्रैल तक प्रस्तुत की जा सकेंगी।



अगले दो साल में मुंबई की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नगर निगम प्रशासन को सभी सड़कों को सीमेंट कंक्रीट से बनाने का निर्देश दिया था। इसके मुताबिक 6,078 करोड़ के कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित की गईं. इन कार्यों के लिए पांच प्रतिष्ठित ठेकेदारों का चयन किया गया और जनवरी माह में ठेकेदारों को कायार्देश दे दिये गये। जनवरी 2023 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़क कार्यों की आधारशिला रखी। लेकिन हकीकत में ये काम जारी नहीं रह सके. इसलिए, नगर पालिका ने नए ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। यह तीसरी बार है जब इस कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। 1234 करोड़ का काम ठेकेदार रोडवे सॉल्यूशंस इंडिया इंफ्रा लिमिटेड (आरएसआईएल) को दिया गया।

## पृष्ठभूमि क्या है?

1. नगर पालिका ने पूरी मुंबई में सड़कों को कंक्रीट करने का काम अपने हाथ में ले लिया है। शहरी खंड में काम ठेकेदार 'रोडवे सॉल्यूशंस इंडिया इंफ्रा लिमिटेड' को दिया गया था। लेकिन काम शुरू नहीं करने पर ठेकेदार को बार-बार नोटिस दिया गया। जुमार्ना भी लगाया गया.
2. ठेकेदार ने काम शुरू नहीं किया है। इसलिए अक्टूबर माह में ठेकेदार से काम वापस लेने का नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस के बाद ठेकेदार ने सुनवाई की मांग की. नगर निगम प्रशासन ने ठेकेदार को सुनवाई के लिए बुलाया था। लेकिन ठेकेदार सुनवाई में नहीं आया. उन्होंने सुनवाई के लिए आगे की तारीख मांगी.
3. कमिश्नर ने ठेकेदार को आगे की सुनवाई दिए बिना 9 नवंबर 2023 को अनुबंध रद्द करने की मंजूरी दे दी। आयुक्त ने यह भी घोषणा की कि शहर में सड़क कार्यों के लिए नई निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी।
4. ठेकेदार ने ठेका रद्द करने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. इसलिए, प्रशासन नए सिरे से निविदाएं बुलाने के लिए कदम उठा रहा है। आखिरकार दिसंबर में सड़क विभाग ने इस काम के लिए टेंडर आमंत्रित किये.
5. कोर्ट ने टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगा दी और ठेकेदार को निर्णय लेने को कहा. नगर पालिका ने ठेकेदार का पक्ष सुना और ठेका रद्द कर 64 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया. ठेकेदार का पक्ष सुनकर कोर्ट ने नगर पालिका के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

## राकेश श्रीवास्तव बने एन.यू.जे. यूपी के प्रांतीय मंत्री

नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (एनयूजे यूपी) संगठन की मीरजापुर जिला इकाई के जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव को एनयूजे यूपी का प्रांतीय मंत्री नियुक्त किया गया है। विगत दिनों प्रदेश की राजधानी लखनऊ में संपन्न राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में एन यू जे यूपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना जी द्वारा प्रस्तुत प्रदेश कार्यकारिणी को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप तिवारी ने स्वीकृति प्रदान किया। ज्ञात हो कि श्री राकेश श्रीवास्तव वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकार एवं दैनिक मान्यवर हिंदी दैनिक के जिला संवाददाता है। इसके पूर्व भी कई पत्रकार संगठनों में बतौर तहसील अध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य पद का दायित्व निभा चुके हैं।।



इस नियुक्ति पर संगठन के सदस्य अशोक विश्वकर्मा, शंकर शर्मा (शिवा), विजय सिंह, कविंद्र साहू, जितेंद्र श्रीवास्तव, उमेश केशरी, संत कुमार, गोपीनाथ मिश्रा, अनिल मिश्रा, बसंत लाल आदि ने बधाई देते हुए राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार जताया है।




## जाहीर नोटीस

**सार्वजनिक आरोग्य खाते**
**जी / दक्षिण विभाग**

जी / दक्षिण विभागातील हिंदुहृदयसम्राट बाळासाहेब ठाकरे आपला दवाखान्यासाठी सफाईकामगार कंत्राटी तत्वावर दरदिवशी किमान ३ तासांकरिता मासिक वेतन रु. ५०००/- व शैक्षणिक अर्हता इ. ४ थी पास यांची नियुक्ती करण्यासाठी वैदयकिय आरोग्य अधिकारी, जी/ दक्षिण विभाग, ६ वा मजला, धनमिल नाका, ना. म.जोशी मार्ग, एल्फिन्स्टन -४०००१८, येथील आवक जावक विभागात दिनांक २१.०३.२०२४ पर्यंत संपर्क साधून विहीत नमुन्यात अर्ज सादर करावे.

सही/-
वैदयकिय आरोग्य अधिकारी
जी / दक्षिण

## युवा नेता असरफ अली (सद्दाम) बने जिला उपाध्यक्ष जौनपुर



**जौनपुर,** समाज सेवा एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष असरफ अली (सद्दाम) लोगो में अपना एक अलग पहचान बनाने वाले लोगों के दिलों पर राज करते है दिन प्रति दिन ऊचाईयों पर जा रहे है लोग बहोत तेजी के साथ असरफ अली (सद्दाम) जी का साथ भी दे रहे हैं सब के शुख दुःख में शामिल होते है एक दमदार और शानदार युवा नेता माने जाते हैं वही पर फिर से एक बार समाजवादी पार्टी असरफ अली सद्दाम जी को छात्रसभा जिला उपाध्यक्ष जौनपुर का बड़ा महत्व पूर्ण पद दे कर जिम्मेदारी दे दी है

## होली महोत्सव अंबरनाथ का तीसरा कार्यक्रम 17 मार्च 2024 गांव देवी मंदिर में बड़े हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ

**अंबरनाथ,** होली महोत्सव अंबरनाथ का तीसरा कार्यक्रम 17 मार्च 2024 गांव देवी मंदिर में बड़े हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, उत्सव में सामरिक लोकगीत फगुआ, बेलवरिया और होली के गानों की मनमोहक प्रस्तुति हुई।



होली महोत्सव में स्थानीय तथा दुर दराज से आए धार्मिक लोगों ने कार्यक्रम में सामिल होकर होली के मधुर गीतो का आनंद लिया।

कार्यक्रम के आयोजन में सक्रीय भूमिका निभाकर दिलीप सिंह, आशीष मिश्रा, बालेंद्र त्रिपाठी, अखिलेश पांडे, इंद्रपाल सिंह शहर्ष शुक्ल इत्यादि ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थिति होकर कार्यक्रम को विषेशरूप से प्रोत्साहित किया जिसमें मुख्यत एल एन शुक्ल, नीरज पाण्डेय, दिवाकार पांडेय, अनमोल शुक्ला, हर्षित मिश्रा, ठाकुर चंद्रेश सिंह अंजनी पाठक, अतरसिंह, राघुनाथ पांडेय, राजेश कुमार ने कार्यक्रम को नई ऊंचाई पर पहुंचाया।

मुख्य अतिथि भागवत मर्मज्ञ श्री निलेश महाराज का सभी को आशीर्वाद प्राप्त हुआ तथा महाराज जी ने बताया कि होली महोत्सव को देखकर गांव की याद ताजा हो गई। कार्य के संचालक अधिवक्ता पं विजय शुक्ल ने बताया की यह तीसरा होली महोत्सव आज मनाया गया है और होली का अगला कार्यक्रम बदलापुर में 24 मार्च को हैं जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओ के आने की संभावना है।





## प्रपत्र
**(नियम ८ देखिए)**

**'कदम कदम पर'** मुंबई, नाम पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण, जिसका प्रकाशन प्रति वर्ष फरवरी के अंतिम दिन के बाद प्रथम अंक में आवश्यक है।

१) प्रकाशन का स्थान : रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र

२) प्रकाशन की अवधि : मासिक

३) मुद्रक का नाम : **छोटेलाल शर्मा**
राष्ट्रीयता : भारतीय
पता : प्रचिता प्रिंट प्रा. लिं. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२

४) प्रकाशक का नाम : **छोटेलाल शर्मा**
राष्ट्रीयता : भारतीय
पता : रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र

५) संपादक का नाम : **छोटेलाल शर्मा**
राष्ट्रीयता : भारतीय
पता : रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र

६) उन व्यक्तियों के नाम और पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं तथा २८-०२-२०१८ को चुकता पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक साझेदार या अंशधारक है : कोई नहीं

मैं, **छोटेलाल शर्मा** , घोषित करता हूँ कि मेरी जानकारी और विश्वास के मुताबिक ऊपर लिखित विवरण सही है.

ह/-
....

**तारीख :** ०१-०३-२०२४ **प्रकाशक के हस्ताक्षर**

# राहुल गांधी की यात्रा का मुंबई प्रवेश: मुंबई कांग्रेस विचार विभाग के पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का भावभरा स्वागत किया

**(मुंबई/रिपोर्ट स्पर्श देसाई)** मुंबई में राहुल गांधी की ॥भारत जोड़ो न्याय यात्रा॥ जब मुंबई में प्रवेशी तब ठाणे से मुलुंड चैक नाका से जोनसन



एंड जोनसन, फायर ब्रिगेड के पास पहुंची तो वहां उनके स्वागत के लिए खडे. मुंबई कांग्रेस विचार विभाग केअध्यक्ष राकेश यादव व पदाधिकारियों एवम कार्यकताओं ने उनका भावभरा स्वागत किया था। विचार विभाग के अध्यक्ष राकेश यादव और दूसरे पदाधिकारी लोगों ने राहुल गांधी को एक फोटो फ्रेम भेट की थी। उसके बाद उनकी यात्रा भाडूंप, विक्रोली से घाटकोपर की और आगे बढ़ी थी। इस स्वागत कार्यक्रम में उपाध्यक्ष इस्माइल सारंग, उपाध्यक्ष इरशाद खान,सचिव सुनील यादव, लालचंद यादव, प्रोफेसर सीएस यादव, संयुक्त सचिव समीर सोलकर, आम्रपाली देवेंद्र, सोशल मीडिया समन्वयक स्पर्श देसाई, केकेपी न्यूज के प्रधान संपादक छोटेलाल शर्मा,विचार विभाग की बीबी बैगम, कालीना तालुका उपाध्याय युसूफ बेग और सब पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आपसी सौहार्द के साथ मनाएं त्यौहार - पुलिस उपाधीक्षक

**(शिवा शर्मा)**

**चुनार।** होली एवं अन्य त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु सोमवार को शांति कमेटी की बैठक कोतवाली में पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

बैठक में उपस्थित लोगों से पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि होली और ईद दोनों त्यौहार आने वाला है इसे आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर उत्पात करने एवं विवाद उत्पन्न करने वाले लोगों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। होली एवं ईद आपसी भाईचारे का त्यौहार है इसे मिल जुलकर मनाएं।बैठक में मौजूद पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद ने कहा कि त्यौहार के दिन पालिका की ओर से पेयजल के साथ ही साफ सफाई का मुकम्मल प्रबंध कराया जाएगा। बैठक के दौरान कोतवाल नरेंद्र कुमार सिंह, दरगाह खलीफा सैयद अताउर्रहमान, निजाम हाशमी, शीतला प्रसाद यादव, सभासद करतार सिंह, मनीष राय आदि प्रमुख मौजूद रहे।



चुनार कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक में शामिल नगर के लोग।

# एम डब्लू ओ प्रदेश महासचिव शिवदयाल शर्मा जी के निवास स्थान पर पहुँचे दिनेश शर्मा

**अमेठी,**भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समित जनपद जौनपुर (उत्तर प्रदेश) के संस्था अध्यक्ष एम डब्लू ओ (उत्तर प्रदेश) के प्रदेश महासचिव श्री शिवदयाल शर्मा जी के निवास स्थान पर पहुँचे



और टीकरमाफी मे बाबा परमहंस का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष माननीय धनश्याम शर्मा आदरणीय दिनेश चन्द्र शर्मा जी तीन दिवसीय यात्रा मे भगवान रामलला जी का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त करते हुए जनपद- अमेठी मे जी के निजी आवास से होते हुए जनपद-प्रतापगढ मे मनगढ तीर्थ स्थान का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# राजेश शर्मा संस्था संगठन मंत्री ने भदोही जनपद में संघठन के विस्तार पर दिए जोर

**भदोही,** राजेश शर्मा भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सिमित संस्था संगठन मंत्री ने सामाजिक एकता को मजबूत बनाने के लिए दिन रात संघर्ष कर रहे है और जनपद भदोही में चल रहा है समाज को जगाने कैंपिंग राजेश शर्मा ने कहा जब तक समाज को एक नही करेंगे तब तक ये करवा चलता रहेगा क्यों की समाज की ताकत से ही सामाजिक कार्यों को और आगे बढ़ाया जा



सकता हैं। सामाजिक एकता के लिए पूरे संगठन के लोग लगे है सभी लोगो के संघर्ष से ही ये संभव है।

# दिनेश शर्मा संस्था अध्यक्ष जी अयोध्या सहित कई जिले में तीन दिवसीय यात्रा पर हैं





उत्तर प्रदेश,भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा के साथ में चंद्रवंशी दिलीप सिंह नेता जी के साथ अयोध्या धाम में रामलाल का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ वहां पहुंचकर केंद्रीय मंत्री महेंद्रनाथ पांडे जी से मुलाकात हुई उनसे समाज के लिए कई विषयों पर चर्चा हुआ । दिनेश शर्मा ने संगठन के विस्तार के लिए अयोध्या, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर में समाज के तमाम लोगों से मिलकर समाज के विकास के लिए बनायेगे रणनीती,

# सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

## अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी को प्रशिक्षु उप निरीक्षकों ने दी परेड की सलामी

**(शिवा शर्मा)**

**चुनार।** सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र समसपुर चुनार में एक वर्ष से प्रशिक्षण ले रहे उप निरीक्षक प्रशिक्षुओं का दीक्षांत परेड समारोह शनिवार को संपन्न हुआ।प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके नागरिक पुलिस के 706 उप निरीक्षक प्रशिक्षुओं ने मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक पीयूष मोर्डिया को परेड की सलामी दी। कुल 26 टोलियों के प्रशिक्षु दीक्षांत परेड में शामिल हुए जिनमे अधिकांश प्रशिक्षु पश्चिमी उत्तर प्रदेश के रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं से कहा कि कडी मेहनत के बाद आप सभी को खाकी वर्दी मिला है। पुलिस की वर्दी पहनने के बाद आप पीडित को न्याय दिलाने का कार्य करेंगें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सिखाया व पढ़ाया गया अनुशासन का पाठ सदैव आपके जीवन में काम आएगा। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर अपने दायित्वों का निर्वहन करना पड़ेगा।अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि कुशल व्यक्तित्व के साथ अपने पदीय दायित्वों को निभाये और राष्ट्र एवं समाज के विकास में अपना योगदान दे। सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र के आई जी धर्मेंद्र सिंह ने उप निरीक्षक प्रशिक्षुओं को पद, गोपनीयता के साथ संविधान के प्रति कर्तव्य परायणता की शपथ दिलाई।समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, पुलिस उपाधीक्षक अंजना वर्मा, आर0आई जनार्दन प्रसाद सीओ चुनार अशोक कुमार सिंह, कोतवाल नरेंद्र कुमार सिंह, सहित जेएस पब्लिक स्कूल में प्रबंधक अखिलेश सिंह, पूर्व सभासद सूर्यबली यादव राजेश कुमार राजू आदि प्रमुख मौजूद रहे।

**दीक्षांत परेड में हुए सम्मानित**

चुनार प्रशिक्षु उप निरीक्षकों के आंतरिक एवं वाह्य विषयों की परीक्षा में 2310.05 अंक प्राप्त करने वाले दारोगा दयानंद को सर्वाग सर्वोत्तम घोषित किया गया। इसके साथ ही अंतः विषयों में 1475.20 अंक पाने वाले वसीम अकरम तथा वाह्य विषयों में 798.89 अंक पाने वाले रविकुमार सहित गुलशन, वसीम, राजवीर सिंह, शिवम कुमार, मोनू कुमार, मोहन सिंह, आदित्य उमराव, लोकेश, जीतेश कुमार, रणविजय सिंह को भी एकल विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



चुनार में सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र के दीक्षांत परेड के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन को सलामी देते प्रशिक्षु उप निरीक्षक।

# पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका -डॉ होरेश कुमार

**(शिवा शर्मा)**

**चुनार।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय महाविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय दिवस के अंतर्गत सर्वप्रथम प्रातः स्वयं सेवकों द्वारा योग, प्राणणाम तथा व्यायाम किया गया। सूक्ष्म जलपान के तत्पश्चात सामुदायिक कार्यो में स्वच्छता पर खैरुद्दीनपुर में शैक्षिक सर्वेक्षण, महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई एवम् पौधो में पानी डाला गया। टोली नंबर तीन लक्ष्मीबाई ने भोजन बनाने एवम वितरण का कार्य किया। अपराह्न पर्यावरण संरक्षण एवम् स्वच्छता का सामुदायिक जीवन में महत्व विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टोली नंबर तीन द्वितीय स्थान, टोली नंबर छह तृतीय स्थान टोली नंबर चार , सांत्वना पुरस्कार टोली नंबर एक ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन प्रो. होरेश कुमार, प्रो. ए. एल. सरोज एवम डॉ लता ने किया।

बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डॉ होरेश कुमार, प्रो. भौतिक विज्ञान, बी. एच. यू. ने पर्यावरण संरक्षण एवम् स्वच्छता में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका के महत्व एवम स्वयं सेवकों को प्रभावी भूमिका निर्वहन हेतु प्रेरित किया तथा मुख्य वक्ता डॉ ए. एल. सरोज, बी. एच. यू. ने स्वयं सेवकों को अपने उद्देश्यों में सफल दैनिक जीवन में अनुशासन, स्वच्छता, ज्ञान एवम सकारात्मकता के महत्व को बताया। सहयोग के लिए स्वयं सेवकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ कुसुमलता तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ लता ने किया।




चुनार राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में विचार व्यक्त करते मुख्य वक्ता।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com